System held in July, 1992, State Governments/UT Administrations requested the Central Government to evolve a 'National Policy on PDS' so that the benefits of PDS are restricted only to the needy and deserving. The Central Government is examining the suggestion. Views and suggestions of State Governments have also been sought. Some State Governments have excluded certain categories of consumers from having access to the PDS. As per the present policy of Central Government, entitlement to PDS is universal. Quantities of Rice, Wheat and Sugar distributed through PDS are meant to supplement open market availability of such commodities. State Governments have been delegated powers under the Essential Commodities Act, 1955 to take action against malpractices leading to disruption in availability of essential items, hoarding etc.

उत्तर प्रदेश में सहकारी उपभोक्ता समितियां

3259. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1991-92 और 1992-93 के वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में कितनी सहकारी उपभोक्ता समितियां गठित की गईं;

(ख) क्या इन सहकारी समितियों के कार्यकरण के लिए कोई विदेशी सहायता प्राप्त की गई है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) सहकारिता राज्य का विषय है । इन्हें खोलने, इनका पंजीकरण करने और सभी गतिविधियां संबंधित राज्य सहकारी समिति अधिनियम और नियमों से शासित होती हैं और इन समितियों का पर्यवेक्षण संबंधित राज्यों के सहकारी समितियों के पंजीयक करते हैं । मांगी गई सूचना मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं है और उसे राज्य सरकार से मंगाया गया है ।

(ख) और (ग) भारत सरकार का उपभोक्ता सहकारी समितियां/भण्डार चलाने के लिए विदेशी सहायता प्राप्त करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

उत्तर प्रदेश में उचित दर दुकानें

3260. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या **नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अनेक राज्यों में उचित दर दुकानें खोली गई हैं;

(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश में जिलावार ऐसी कितनी-कितनी दुकानें खोली गई हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि ये उचित दर दुकानें जनसंख्या के अनुपात में नहीं हैं; और

(घ) उचित दर दुकानें खोलने संबंधी निदेश और मानदण्ड क्या हैं ?

नागरिक पूर्ति उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) जी हां ।

(ख) 31-3-1992 की स्थिति के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 74,238 उचित दर की दुकानें थीं । केन्द्रीय सरकार द्वारा उचित दर की दुकानों के जिलेवार आंकड़े नहीं रखे जाते हैं ।

(ग) और (घ) सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्यान्वयन में संचालन-संबंधी जिम्मेदारी, जिसमें उचित दर की दुकानें खोलना शामिल है, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की होती है । राज्य सरकारें किसी उचित दर की दुकान की मंजूरी देने से पूर्व आबादी की आवश्यकताओं तथा किसी केन्द्र की आर्थिक

संभाव्यता को ध्यान में रखती है । केन्द्रीय सरकार ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उचित दर की दुकानें इस तरह से खोलने की सलाह दी है कि उपभोक्ता उन तक आसानी से पहुंच सकें । राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 2000 व्यक्तियों के लिए एक उचित दर की दुकान का मापदण्ड सुझाया गया था । दुर्गम क्षेत्रों तथा आबादी के घनत्व में अंतर को देखते हुए इस संबंध में अपवाद हो सकते हैं ।

दिल्ली में राशन कार्ड

3261. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटू भाई पटेल :

क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले छः महीनों के दौरान दिल्ली प्रशासन को राशन कार्ड जारी करने के लिए क्षेत्र-वार कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं;

(ख) कितने राशन कार्ड जारी कर दिए गए हैं; और

(ग) शेष राशन कार्ड कब तक जारी कर दिए जाने की सम्भावना है ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) और (ख) सूचना नीचे दी गई है :—

	प्राप्त आवेदनों की कुल संख्या	रद्द किए गए आवेदनों की संख्या	जारी किए गए खाद्य कार्ड	लम्बित आवेदन
1. दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम व नई दिल्ली	29894	2335	26869	690
2. (उत्तर, उत्तर-पूर्व व केन्द्रीय	16717	1544	14014	1159
3. उत्तर पश्चिम, पूर्व व पश्चिम	38892	3481	35411	—

(ग) दिल्ली प्रशासन ने सूचित किया है कि बकाया आवेदनों के सत्यापन तथा शीघ्र निपटान के प्रयास किए जा रहे हैं । विभाग द्वारा कार्य की प्रगति की विभिन्न स्तरों पर नियमित रूप से परिवीक्षा की जाती है ।

ISO-9000 certification for corporate bodies

3262. SHRI B. K. HARIPRASAD : Will the Minister of CIVIL SUPPLIBS, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state :

(a) whether Government are aware that a number of corporate bodies are now keen to secure ISO-9000 certification of quality for exportable goods;

(b) whether Government propose to assign the said scheme to Bureau of Indian Standards; and